बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, वेबसाईट : http://bsea.bihar.gov.in, ई-मेल : bseapatna@gmail.com

पत्रांक : नि० प्रा०/नि० 1-01/2026 508 /पटना, दिनांक 26/02/2026

प्रेषक,

कुमार शान्त रक्षित,
परामर्शी ।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०),
उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स०स०),
कैमूर।
प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०),
चाँद।

विषय : **प्राथमिक कृषि साख समिति लि० (पैक्स) के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची की तैयारी एवं प्रकाशन के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्राधिकार के पत्रांक 336 दिनांक 10.02.2026 द्वारा अन्य प्राथमिक कृषि साख समितियों के साथ कैमूर जिला के चाँद प्रखंड अंतर्गत भरारीकला, लोहदन, सिरहिरा एवं सौखरा पैक्स के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), चाँद द्वारा प्राधिकार को सूचित किया गया है कि उन्हें ससमय प्रारूप मतदाता सूची प्राप्त नहीं होने के कारण प्रारूप सूची का प्रकाशन नहीं हो सका है। उक्त पैक्सों के प्रतिनिधियों द्वारा मतदाता सूची प्रकाशन कराने हेतु प्राधिकार से अनुरोध भी किया गया है।

अत: उपर्युक्त के आलोक में विचारोपरांत निदेश दिया जाता है कि जिला सहकारिता पदाधिकारी, कैमूर भरारीकला, लोहदन, सिरहिरा एवं सौखरा पैक्स की प्रारूप मतदाता सूची प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), चाँद को **दिनांक 27.02.2026** को उपलब्ध करायेंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स0स0), चाँद **दिनांक 28.02.2026** को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन विनिर्दिष्ट स्थलों पर करना सुनिश्चित करेंगे।

मतदाता सूची प्रकाशन का शेष कार्यक्रम प्राधिकार के पत्रांक 336 दिनांक 10.02.2026 के अनुरूप रहेगा।

विश्वासभाजन,
26/2/26
(कुमार शान्त रक्षित)
परामर्शी।

ज्ञापांक : 508 /पटना, दिनांक 26/02/2026

प्रतिलिपि: जिला सहकारिता पदाधिकारी, कैमूर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/2/26
परामर्शी।

ज्ञापांक : 508 /पटना, दिनांक 26/02/2026

प्रतिलिपि: MIS कोषांग, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। निदेश है कि इस कार्यक्रम के अनुसार वेबसाईट से संबंधित अनुवर्ती कार्रवाई ससमय करना सुनिश्चित करेंगे।

26/2/26

परामर्शी

ज्ञापांक : 508 /पटना, दिनांक 26/02/2026

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना का कोषांग/ परामर्शी/ अवर सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/2/26

परामर्शी।